

## एक नजर में

### उप जेल बड़वाह में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन




**बड़वाह, निप्र।** तहसील न्यायालय बड़वाह से तहसील विधिक अध्यक्ष एवं प्रथम अपर एवं जिला सत्र न्यायाधीश अविनाश शर्मा और न्यायिक मजिस्ट्रेट कु. वंदना मालवीय की उपस्थिति मे उप जेल बड़वाह में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।सब जेल बड़वाह में कुल बंदी 83 जिसमे विचाराधीन बंदी 76, सजायाप्ता बंदी 05,सिविल बंदी 02 है। न्यायाधीश द्वारा बंदियो को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी।बंदियो को उनके कानूनी अधिकारो के बारे मे बताया गया। बंदियो से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया। बन्दियो ने अपनी समस्या न्यायाधीश के समक्ष कही। न्यायाधीश द्वारा बंदियो के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को सुना गया। न्यायाधीशगण द्वारा बन्दियों को दिए जाने वाले नाश्ते, भोजन और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। शिविर में जेलर युवराज सिंह मुवेल, पैरालीगल वालंटियर कु.दीपमाला शर्मा, न्यायालय कर्मचारी प्रदीप पाराशर व जेल स्टाफ ,रोहित चौहान, केतन अलोने, फार्मिस्ट राजेश कर्मा ,उपस्थित रहे।

### वैभव काम्प्लेक्स में चल रहा था जुआ, 5 गिरफ्तार



**कसरावद, निप्र।** कसरावद के वैभव कॉम्पलेक्स में चल रहे जुए का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। यहां दबिश देकर रुपए से ताश के पत्तों पर हार-जीत का दाव लगा रहे 5 जुआरियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 94 हजार 700 रुपए, 4 मोबाइल और बाईक जब्त की गई है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार जय स्तम्भ के पास वैभव कॉम्प्लेक्स के गलियारे में जुआ खेले जाने की सूचना मिली थी। मुखबिर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर दबिश दी गई। मौके से सजाउद्दीन पिता नसीम उद्दीन निवासी वार्ड क्र.05 आदर्श नगर कसरावद, आशाराम पिता कल्याण सांवले निवासी ग्राम चिचलाय, कपिल पिता अरुण पंडित निवासी वार्ड क्र.13 कसरावद, लोकेन्द्र पिता इंदरमल जैन निवासी राम मंदिर के पास कसरावद एवं श्रीराम पिता शंकर सेन निवासी वार्ड क्र.03 नयापुरा कसरावद को गिरफ्तार किया गया।आरोपियों के विरुद्ध थाना कसरावद पर जुआ एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

### भारतीय किसान संघ का दो दिवसीय धरना समाप्त, कंपनी ने दी पानी छोड़ने की नई तारीखें



**भीकनगांव, निप्र।** भारतीय किसान संघ का चिरागपुरा फाटे पर चल रहा दो दिवसीय धरना आज समाप्त हुआ।धरने के दबाव में कंपनी द्वारा एक बार फिर पानी छोड़ने की नई तारीख दी गई है।

**कंपनी-प्रशासन द्वारा दिया गया नया शेड्यूल**

1. PS-4 से BR-2 : 29 मई तक चालू कर दी जाएगी।इससे मचलगांव, एकतासा, बायरल, बड़ी पोखर, लछोरा, पालड़ी तक पानी पहुंचेगा।
2. PS-4 से BR-3 : चालू कर दी जाएगी। इससे नरगांव, मालखेड़ा, रामपुर, नूरियाखेड़ी, सिराली के गांवों को पानी मिलेगा।
3. PS-5 से कायदू नदी लाइन : लाइन पूरी कर झिरनिया क्षेत्र के बगदरी, बदनिया, शिवना, आभापुरी सहित कई गांवों को लाभ मिलेगा।

**बैठक में उपस्थित अधिकारी :-** एसडीएम लोकेश छापरे, तहसीलदार रविंद्र चौहान, एमपीईबी से एई महेंद्र बर्थडे, अंकित पटेल, जीवीपीआर से पीएम अनिरुद्ध सोलंकी, एनवीडीए से के.एस. खंगार एसडीओ एवं किसान संघ के सभी प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**किसान संघ का रुख :-** संघ ने स्पष्ट किया है कि यह अंतिम मौका है।अगर 29 मई तक वादे अनुसार BR-2, BR-3 और PS-5 की लाइन से पानी नहीं छोड़ा गया तो किसान संघ फिर सड़क पर उतरने को बाध्य होगा।

**वर्तमान स्थिति : -** PS-4 की एक मोटर से BR-1 में नागझरी तक पानी पहुंच चुका है।अब निगाहें 29 मई की डेडलाइन पर हैं।

### नावड़ातोड़ी स्थित मां नर्मदा घाटों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया

**कसरावद, निप्र।** विश्व पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य से क्षत्रिय राठौड़ समाज जिला खरगोन द्वारा नावड़ातोड़ी स्थित माँ नर्मदा घाटों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान समाजजनों एवं युवाओं ने घाट परिसर में फैली प्लास्टिक, पॉलिथीन, पुराने कपड़े एवं अन्य कचरे को एकत्रित कर स्वच्छता का संदेश दिया। सफाई अभियान मे शामिल युवाओं ने माँ नर्मदा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए घाटों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया। अभियान के माध्यम से आमजन से भी अपील की गई कि वे धार्मिक स्थलों एवं घाटों पर गंदगी न फैलाएं तथा पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता निभाएं। समाज के निरीक्षक विजय राठौड़ ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि निरंतर चलने वाला जन-जागरण अभियान है।आने वाले समय में भी जिले के विभिन्न घाटों, मंदिरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे।सफाई अभियान में समाज के युवा मिथुन राठौड़, त्रिलोक राठौड़, महेश केवट आदि कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही।

### भागवत कथा से जुड़ने वाले पर लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है : पंडित उमाशंकर पुराणिक

**मंडलेश्वर, निप्र।** जो व्यक्ति श्रीमद भागवत कथा से जुड़ जाता है उस पर हमेशा माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है वह कभी दरिद्र नहीं रहता।उक्त प्रेरक उदगार पंडित उमाशंकर पुराणिक (देवास) ने पवित्र नगरी मंडलेश्वर के राम घाट नर्मदा तट पर स्थित माँ नर्मदा आरती मंडल आश्रम में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में व्यासपीठ से व्यक्त किए।कथा के यजमान जुलवानिया जिला बड़वानी के पवन साहू एवं इंदौर के उत्तम साहू थे। 21 मई से शुरू हुई कथा के समापन अवसर पर कथावाचक पंडित उमाशंकर पुराणिक ने श्रीमद भागवत का सरल अनुवाद करते हुए बताया कि श्री का मतलब होता है लक्ष्मी जो भागवत कथा से जुड़ता है उसे लक्ष्मी कि कृपा मिलती है। मद का मतलब होता है घमंड जो भागवत कथा से जुड़ता है उसका घमंड दूर हो जाता है। भागवत का अर्थ है जो भक्ति मार्ग पर चलने लगे उसे ज्ञान मिलेगा उसे वैराग्य मिलेगा अर्थात उसकी इच्छाओ वासनाओं का दमन होगा और वह भव सागर से तर जाएगा और उसे अंत में भगवान के श्री चरणों में स्थान मिलता है।भागवत कथा के समापन अवसर पर यजमान पवन साहू और उत्तम साहू ने कथा वाचक का सम्मान किया इसके बाद माधुरी प्रेम नारायण साहू, नंदिनी अनिल साहू लीना प्रमोद साहू अरुणा संतोष चौहान ने श्रीमद भागवत जी की आरती की।इस अवसर पर मंडलेश्वर, जुलवानिया और इंदौर के भक्त गण उपस्थित रहे।


# कांग्रेस ने किया पहले प्रधानमंत्री पं. नेहरू को याद

## पंडित नेहरू एक युगदृष्टा, आजाद भारत के नव निर्माण के शिल्पकार : रवि जोशी

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** भारत रत्न प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की 63 वी पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कार्यालय पर पूर्ण श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रवि जोशी ने कहा कि आजादी की लड़ाई में अपने जीवन का एक लम्बा कालखंड समर्पित करने वाले पंडित नेहरू आजादी के बाद भी नए भारत के नव निर्माण में एक युगदृष्टा के रूप में पहचाने जाते हैं।

उन्हीं की कल्पना थी कि जिस भारत में सूई तक नहीं बनती थी आज वही भारत इसरो, भेल, एम्स, आई आई टी जैसी संस्थाओं के चलते



विश्व स्तर पर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही है वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री रवि नाईक ने कहा कि पंडित नेहरू



आजाद भारत के वो प्रथम प्रधानमंत्री थे जिन्होंने आजाद भारत को एक नवजात शिशु की भांति संवारा सन् 1947 से लेकर 1964 भारत को विकास के श्रेष्ठ संस्कारों से सुसज्जित आधुनिक भारत की और अग्रसर किया भाखड़ा नांगल बांध हो एम्स या आई आई टी या विकास की पंचवर्षीय योजनाएं ये सबकुछ नेहरू जी की ही देन हैं और आज के सत्ताधारी नालायक बेटे की तरह उनकी विरासत को कौड़ियों के दाम बेचकर उन्हीं को कलंकित कर रहे हैं।

इस अवसर पर अजा कांग्रेस प्रदेश महासचिव संजीव गांगुली, जिला कांग्रेस संगठन महासचिव जितेंद्र भावसार वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह पवार चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डॉक्टर शुभम जायसवाल पार्षद अरुणा उपाध्याय मंडल अध्यक्ष अरविन्द चौधरी ने भी संबोधित किया श्रद्धांजलि सभा में मंडल अध्यक्ष अमित ठक्कर, पार्षद हीरा परमार, जितेंद्र धनगर श्रीमती सरिता भावसार, देवश्री मुजाल्दे शकील मंसूरी मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कर्मा मंची दीपक सोनी ब्लॉक युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष अजय गांगले अजा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश खांडे आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश मुकाती वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष पाटीदार आदि उपस्थित थे श्रद्धांजलि कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजेश मंडलोई द्वारा किया गया। 1947 की आजादी के बाद भारत देश एक नवजात शिशु की तरह पंडित नेहरू ने भारत की परवरिश नवजात शिशु से 1964 के 16 वर्षो तक भारत को किशोरवय कर विकास पथ पर अग्रसर किया।

## मंडलेश्वर का सहायक प्राध्यापक रिश्वत लेते धराया कॉलेज पोस्टिंग के नाम पर ले रहा था 50 हजार

**मंडलेश्वर, निप्र।** लोकायुक्त पुलिस इंदौर ने बुधवार को जिले के मंडलेश्वर में पदस्थ एक सहायक प्राध्यापक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया। प्राध्यापक पर कॉलेज पोस्टिंग करवाने के नाम पर लाखों रुपये की मांग करने का आरोप लगा है।

लोकायुक्त पुलिस के अनुसार शासकीय महाविद्यालय मंडलेश्वर में पदस्थ सहायक प्राध्यापक आत्माराम सोलंकी को धामनोद बायपास स्थित मधुबन ढाबे पर ट्रैप कर, गिरफ्तार किया गया। यह पूरी कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों योगेश देशमुख और मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में की गई। शिकायत के मुताबिक आत्माराम सोलंकी ने मेरी पत्नि उर्मिला की पोस्टिंग धार कॉलेज में करवाने का भरोसा देकर चार लाख रुपये रिश्वत



की मांग की।एक लाख रुपये ले चुका था और बाकी राशि के लिए लगातार दबाव बना रहा था। बुधवार को आरोपित ने शिकायतकर्ता को धामनोद बायपास स्थित मधुबन ढाबे पर बुलाया। वहां पहले से ही लोकायुक्त टीम निगरानी में तैनात थी। जैसे ही आत्माराम सोलंकी ने 50 हजार रुपये की रिश्वत ली, टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया।लोकायुक्त टीम ने खलघाट रेस्ट हाउस में कानूनी कार्रवाई की है।इस कार्रवाई में लोकायुक्त उप पुलिस अधीक्षक सुनील तालान, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक विवेक मिश्रा सहित कुछ अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

## बैंक शाखा में 41 .58 लाख रुपए का गबन, कैशियर, सहायक अकाउंटेंट के बाद शाखा प्रबंधक पर गिरी निलंबन की गाज

**खरगोन, निप्र।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से संबद्ध ठीबगांव शाखा में 41.58 लाख रुपये का गबन उजागर होने के बाद बैंक अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। बैंक एमडी ने ठीबगांव शाखा कैशियर, सहायक गणक सहित शाखा प्रबंधक के बैंक खाते सीज करा दिए है।इसके अलावा तीनों पर एफआईआर की कार्रवाई के लिए शिकायती आवेदन भी जैतापुर पुलिस थाने पर दिया है।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सीईओ संध्या रोकड़े ने बताया कि 25 मई 2026 को शाखा में नियमित नगद मिलान एवं भौतिक सत्यापन के दौरान कैश का गबन सामने आया। जांच में बैंक की वास्तविक नगद शेष राशि और अभिलेखों में दर्ज राशि में 41लाख 58 हजार 095 रुपए का अंतर पाया गया। इस मामले में कार्रवाई



शाखा प्रबंधक राजेश राठौर



रितू गोयल

करते हुए कैशियर रितु गोयल, सहायक गणक वाल टेलर त्रयम्बक वाणी के साथ ही शाखा प्रबंधक राजेश राठौर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सीईओ ने ग्राहको को आश्वस्त किया है कि बैंक की राशि को किसी तरह का नुकसान नही होगा। राशि रिकवरी के लिए तीनों दोषी कर्मचारियों के बैंक खाते सीज कर दिए है। जल्द ही यह राशि इनके बैंक खातों से रिकवर की जाएगी। विभागीय दंडात्मक कार्रवाई के साथ ही कानूनी कार्रवाई के लिए एफआईआर भी दर्ज कराई जा रही है।

# कलचुरी कलाल समाज ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**बिस्टान, निप्र।** जिले के ग्राम भग्यापुर में कलाल समाज के गणेश मांगीलाल मालवीया के साथ ग्राम के ही मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा सामूहिक मारपीट की गई। आरोपियों ने धारदार हथियारों से मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी दी गई है।

आरोपियों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर कलचुरी कलाल समाज के पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शकुंतला रुहल को ज्ञापन सौंपा। कलाल समाज के जिला अध्यक्ष बिहारीलाल मालवीया, सचिव रघुनंदन मालवीया एवं भगवानपुरा तहसील अध्यक्ष चमन मालवीया ने बताया कि गत दिनों भग्यापुर निवासी गणेश पिता मांगीलाल मालवीया के साथ ग्राम के ही कुछ मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सामूहिक रूप से घेरकर धारदार हथियारों से हमला कर मारपीट की गई जिसमें गणेश के पिता मांगीलाल मालवीया को सिर में गंभीर चौटे आयी है एवं उनके परिवार के साथ अभद्रतापूर्वक व्यवहार करते हुए गंदी-गंदी गालीयां दी गई। गणेश के परिवार के साथ हुए प्राण घातक हमले के बाद उन्होंने पुलिस थाना भगवानपुरा पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई।लेकिन



अभी तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। कलचुरी कलाल समाज के लोगों ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शकुंतला रूपल को ज्ञापन देकर मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में अन्य किसी के साथ ऐसी घटना की पुनरावृत्ति करने का कोई दु:साहस न कर सके।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।इस अवसर पर कलचुरी कलाल समाज अध्यक्ष बिहारीलाल मालवीया, सचिव रघुनंदन मालवीया, हरिओम मालवीया, महेश मालवीया,संतोष मालवीया, आनंदीलाल मालवीया, जगदीश जायसवाल, पन्नालाल मालवीया, विजय मालवीया, बनवारीलाल जायसवाल, बिहारीलाल मालवीय, हरीश मालवीया, राजेंद्र मालवीया, रमेश मालवीया, तहसील अध्यक्ष चमन मालवीया, दिनेश मालवीया, सतीश मालवीया, त्रिलोक मालवीया, राजेश मालवीया, अनिल मालवीया, महेश मालवीया, दुर्गेश मालवीया, भूपेंद्र मालवीय, जितेंद्र मालवीय, हरीश मालवीया, विशाल मालवीया, रविंद्र मालवीया, पंढरीलाल मालवीया, नारायण मालवीया, घनश्याम मालवीया, प्रभुराम मालवीया सहित समाज के सौ से अधिक लोग उपस्थित थे।

## राहगीर योजना के तहत प्राप्त सम्मान समाज-मीडिया साथियों को समर्पित : बृजेश यादव



**बड़वाह, निप्र।** सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की समय पर मदद कर मानवता की मिसाल पेश करने वाले राहगीरों को भारत सरकार द्वारा संचालित 'राहगीर योजना' के अंतर्गत सम्मानित किया जा रहा है। इसी क्रम में बड़वाह निवासी बृजेश यादव को भी एक दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद कर उसकी जान बचाने के लिए प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बृजेश यादव ने कहा कि जिस समय उन्होंने दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, उस समय बड़वाह की 'जागरूक मीडिया' ने इस मानवीय कार्य को अपने अखबार में प्रमुखता से स्थान देकर न केवल सराहना की, बल्कि आमजन को भी ऐसे नेक कार्यों के लिए प्रेरित करने का महत्वपूर्ण काम किया। उन्होंने आगे कहा कि यही कारण है कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत नहीं है, बल्कि बड़वाह के 'जागरूक मीडिया' के सभी साथियों को समर्पित है, जिन्होंने समाज में जागरूकता और प्रेरणा का वातावरण बनाने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए इस कार्य की सराहना की गई तथा भविष्य में भी इसी प्रकार मानवता के कार्यों में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया।बृजेश यादव ने आमजन से अपील की कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता करने में संकोच न करें, क्योंकि समय पर की गई मदद किसी की जिंदगी बचा सकती है।

**एक नजर में** — 'ह्यूमैनिटी सर्टिफिकेट' से नवाजे गए बनवारी लाल मंडलोई

# मानवाधिकार सुरक्षा संघ ने किया शहर कोतवाली थाना प्रभारी मंडलोई का सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** समाज में उत्कृष्ट सेवाओं और मानवीय दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मानवाधिकार सुरक्षा संघ द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में खरगोन शहर कोतवाली थाना प्रभारी श्री बनवारीलाल मंडलोई की कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें संघ द्वारा 'ह्यूमैनिटी सर्टिफिकेट' प्रदान कर सम्मानित किया गया। जहां सम्मान पर थाना प्रभारी द्वारा आभार व्यक्त करते हुए संघ के कार्यों को सराहा, और सम्मान ग्रहण करने के बाद थाना प्रभारी बनवारी लाल मंडलोई ने संघ के प्रति सराहनीय पहल करते हुए कार्य कों और आगे बढ़ाने कि बात कही।

उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर पर मानवाधिकार विभाग (जिसमें सेवानिवृत्त डीजीपी व जस्टिस होते हैं) बड़े मामलों की जांच करता है, लेकिन मानवाधिकार सुरक्षा संघ जैसा सामाजिक संगठन जमीनी और ग्रामीण स्तर पर काम कर रहा है। उन्होंने हाल ही में ट्रेंचिंग ग्राउंड में बाल श्रम के विरुद्ध हुई शिकायत का उदाहरण देते हुए कहा कि संघ समाज के शोषितों, पीड़ितों और किसानों को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि संघ भविष्य में भी यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता रहेगा कि किसी निर्दोष के साथ अन्याय न हो। वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम का नेतृत्व मानवाधिकार सुरक्षा संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतीश गांगले एवं प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर राधेश्याम पाटीदार ने किया।



**समारोह में संघ के इन प्रमुख पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई:-** कमल गांगले (प्रदेश उपाध्यक्ष), जितेंद्र भालसे (प्रदेश संगठन मंत्री), संजीव कुमार (मध्य भारत प्रवक्ता) लखन साठे (प्रदेश प्रमुख) दिलीप पंचोली (प्रदेश मीडिया प्रभारी) राजेंद्र भंवर (कोषाध्यक्ष) ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित रहें इस गरिमामय आयोजन में संतोष महाजन, मीठाराम जरवे, मनोहर चंडोर, श्री राम राठौर, और विष्णु वागे जैसे वरिष्ठ सदस्यों के साथ-साथ तहसील उपाध्यक्ष फेजल एजाज पठान और संभाग अध्यक्ष आरिफ खान भी मौजूद रहे। इसके अलावा रिटायर पेंशनगढ़ के सदस्यों और मानवाधिकार सुरक्षा संघ के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया।